THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI M.L. FOTEDAR) : (a) As soon as reports regarding non-utilisation of some of the mobile vans suplied under the British assistance programme to various medical colleges were received, intructions were iss ed on 24-7-85 to all State Governmuents to uttilise these vehicles in implementation of national programmes like the family welfare programme, control of T.B., eradication of leprosy, control of blindness, control of diarrhoeal diseases. Again, instructions were issued on 19-3-87 to all State Governments that such mobile vans as cannot be utilised properly may be transferred to well-established voluntary agencies in the health and medical field in accordance with prescribed guidelines.

(b) The scheme has been transferred to the States from 1990-91.

(c) The ROME Scheme was launched in 1977 as a Centrally sponsered scheme with 50% financial assistance by the Centre and ceased to be a Centrally sponsored scheme w.e.f. 1-4-90.

(d) A total amount of Rs. 1630·82 lakhs has been released by the Central Government to various States during the Fifth, Sixth and Seventh Five Year Plan periods for ths scheme.

(e) Does not arise.

तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग की समय पर पूरी न होने वाली परियोजनाएं

*38. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री रणजीत सिंह :

क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिसम्बर, 1991 को विद्यमान स्थिति के अनुसार देश में ऐसी कितनी परियोजनायें थीं जिन्हें तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग निर्धारित अवधि में पूरा नहीं कर सका और उन्हें कितनी निर्धारित अवधि में पूरा करना अपेक्षित था ;

(ख) क्या यह सच है कि इन परियोजनाओं के निर्धारित समय पर पूरा न होने के कारण उनकी निर्माण लागत में वृद्धि हो गई है;

(ग) यदि हां, तो बढ़ी हुई लागत की कुल राशि कितनी है तथा परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा करने के लिये सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है; और

(घ) उनको पूरा किये जाने की परियोजनावार अवधि कितनी-कितनी है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) :(क) से (घ) नीचे उन नौ विलम्बित परियोजनाओं का विवरण दिया गया है जो हालांकि प्रचालनगत थीं । दिसम्बर, 1991 तक तकनीकी तौर पर पूरी नहीं की जा सकीं ।

(करोड़ रुपये में)

परियोजना का नाम	पूरा होने की अनुमानित तिथि	लागत वृद्धि
1. अतिरिक्त तेल वसूली बम्बई हाई साउथ	मार्च, 92	शून्य
2. अतिरिक्त विकास बम्बई हाई नार्थ	मार्च, 92	29.67
3. बी एच–22 विकास	मानसून, 93 पूर्व	34.73
4. बी एच–25 विकास	मानसून, 93 पूर्व	31.37
5. बी एच–57 विकास	दिसम्बर, 1992	26.37
6. बी–131 विकास	दिसम्बर, 1992	26.83
7. गैस उठान योजना	फरवरी, 1992	शून्य
8. गैस स्वीटनिंग संयंत्र योजना, हजीरा	जनवरी, 1992	शून्य
9. गंधार विकास चरण–1	मार्च, 1992 (आफ-गैस कम्प्रेसर के बिना)	शून्य